**निर्देष (1-5): निम्नलिखित लेखांशों को पढिये और उसके उपरांत दिए गए प्रश्नांशों के उत्तर दीजिये l लेखांश को अव्यवस्थित क्रम से लिखा गया है , पहले उसे तार्किक अर्थ में व्यवस्थित करें पुनः प्रश्नों के उत्तर दे-**

**A.** मुद्रा की वह इकाई जिसके रूप में सभी वस्तुओं और सेवाओं के मुल्यमानों का मापन और अभिव्यक्ति की जाती है

**B.** दस रुपये के बदले एक पैन मिल सकता है

**C.** मुद्रा का पहला कार्य मूल्य की इकाई या लेखे की इकाई का काम चलना है

**D.** यदि एक पैन की कीमत 10 रुपये है तो इसका अर्थ है की

**E.** यह वस्तु की एक इकाई के बदले मिलने वाली मौद्रिक इकाइयों की संख्या होती है

**F.** प्रत्येक वस्तु और सेवा का यही मूल्य उसकी कीमत कहलाता है

**1) निम्नलिखित में से कौन सा प्रथम वाक्य है ?**

**A**.C

**B**.A

**C**.B

**D**.D

**E**.E

**2) निम्नलिखित में से कौन सा तृतीय वाक्य है ?**

**A**.A

**B**.C

**C**.D

**D**.B

**E**.F

**3) निम्नलिखित में से कौन सा चतुर्थ वाक्य है ?**

**A**.B

**B**.C

**C**.F

**D**.D

**E**.E

**4) निम्नलिखित में से कौन सा पंचम वाक्य है?**

**A**.B

**B**.A

**C**. D

**D**.C

**E**.E

**5) निम्नलिखित में से कौन सा षष्टम वाक्य है?**

**A**.B

**B**.D

**C**.A

**D**.F

**E**.C

**निर्देश (6-10): नीचे (A), (B), (C), (D), (E) और (F) को इस तरह व्यवस्थित कीजिए कि छहों कथनों का एक अर्थपूर्ण परिच्छेद बन जाये।**

**A)** हम अपनी इस खबर में आपको ऐसे ही कुछ देशों के बारे में बता रहे हैं जहां अब भी रुपया दमदार है।

**B)** सरकार ने इस पर रिजर्व बैंक से कुछ जरूरी कदम उठाने को भी कहा है।

**C)** डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये में लगातार गिरावट जारी है।

**D)** रुपये की बढ़ती कमजोरी सरकार के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। रुपये में गिरावट से पेट्रोल-डीजल की कीमतें भी बढ़ गई हैं।

**E)** हालांकि दुनिया के कई ऐसे देश हैं जहां भारतीय रुपये का मूल्य अब भी अच्छा एवं मजबूत है।

**F)** रुपया 72 के पार जा चुका है।

**ANS-**C F B D E A

**6) गद्यांश की पुनर्व्यवस्था के बाद, छठा वाक्य कौन सा होगा?**

**A.**A

**B.**E

**C.**B

**D.**C

**E.**इनमें से कोई नही

**7) गद्यांश की पुनर्व्यवस्था के बाद,प्रथम वाक्य कौन सा होगा?**

**A.**F

**B.**C

**C.**D

**D.**E

**E.**इनमें से कोई नही

**8) गद्यांश की पुनर्व्यवस्था के बाद, तृतीय वाक्य कौन सा होगा?**

**A.**D

**B.**C

**C.**B

**D.**E

**E.**इनमें से कोई नही

**9) गद्यांश की पुनर्व्यवस्था के बाद, द्रितीय वाक्य कौन सा होगा?**

**A.**B

**B.**A

**C.**F

**D.**E

**E.**इनमें से कोई नही

**10) गद्यांश की पुनर्व्यवस्था के बाद, चतुर्थ वाक्य कौन सा होगा?**

**A.**B

**B.**F

**C.**E

**D.**D

**E.**इनमें से कोई नही

**निर्देश (11-15): नीचे (A), (B), (C), (D), (E) और (F) को इस तरह व्यवस्थित कीजिए कि छहों कथनों का एक अर्थपूर्ण परिच्छेद बन जाये।**

**A)** नॉलेज पार्क टू और ग्रेटर नोएडा आफिस मेट्रो स्टेशन पर पर्याप्त जगह उपलब्ध न होने की वजह से पार्किंग ती सुविधा उपलब्ध नहीं होगी।

**B)** नोएडा मेट्रो रेल कारपोरेशन (एनएमआरसी) के शुक्रवार को स्टेशन पार्किंग की व्यवस्था को लेकर स्थिति स्पष्ट कर दी है।

**C)** अल्फा मेट्रो स्टेशन पर वर्तमान में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की ओर से पार्किंग उपलब्ध कराई जा रही है।

**D)** नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्वा लाइन मेट्रो पर 18 स्टेशनों मुसाफिरों को पार्किंग की सुविधा मिलेगी।

**E)** शुरुआती एक वर्ष के लिए मेट्रो का संचालन डीएमआरसी की ओर से किया जाएगा।

**F)** एनएमआरसी अधिकारियों के एक्वा लाइन पर समय से दो माह पहले अक्टूबर में मेट्रो का संचालन शुरू हो सकता है।

**11)गद्यांश की पुनर्व्यवस्था के बाद, छठा वाक्य कौन सा हो गा?**

**A.**B

**B.**E

**C.**A

**D.**C

**E.**इनमें से कोई नही

**12)गद्यांश की पुनर्व्यवस्था के बाद, प्रथम वाक्य कौन सा हो गा?**

**A.**D

B.C

C.B

D.E

E.इनमें से कोई नही

**13)गद्यांश की पुनर्व्यवस्था के बाद, तृतीय वाक्य कौन सा हो गा?**

A.B

B.A

C.C

D.E

E.इनमें से कोई नही

**14)गद्यांश की पुनर्व्यवस्था के बाद, द्वितीय वाक्य कौन सा हो गा?**

A.B

B.F

C.E

D.D

E.इनमें से कोई नही

**15)गद्यांश की पुनर्व्यवस्था के बाद, चतुर्थ वाक्य कौन सा हो गा?**

A.B

B.F

C.E

D.C

E.इनमें से कोई नही

**निर्देश (16-20): नीचे (A), (B), (C), (D), (E) और (F) को इस तरह व्यवस्थित कीजिए कि छहों कथनों का एक अर्थपूर्ण परिच्छेद बन जाये।**

A) साल 2017 में पचास लाख से ज्यादा मामले दर्ज हुए थे, जिनमें से तीन लाख से ज्यादा मामले अकेले उत्तर प्रदेश में दर्ज हुए।

B) इसके बाद दूसरे नंबर पर महाराष्ट्र रहा जहां करीब दो लाख नब्बे हजार आपराधिक मामले दर्ज हुए। तीसरे स्थान पर मध्य प्रदेश, चौथे पर केरल, और पांचवें पर दिल्ली रहा।

C) दिल्ली में दो लाख बत्तीस हजार आपराधिक मामले दर्ज हुए थे। इन आंकड़ों से जो तस्वीर बनती है, वह यह कि शीर्ष चार राज्यों और दिल्ली में अपराधी बेखौफ हैं।

D) लंबे इंतजार के बाद राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने दो साल पहले यानी 2017 के जो अपराध संबंधी आंकड़े जारी किए हैं, वे चौंकाने वाले हैं, खासतौर से देश की राजधानी दिल्ली के संदर्भ में।

E) इन आंकड़ों से पता चलता है कि संगीन अपराधों में दिल्ली सबसे आगे है, जहां रोजाना हत्या, लूटपाट, बलात्कार, महिलाओं से छेड़छाड़ और गैंगवार जैसी घटनाएं होती हैं।

F) हालांकि आंकड़े देशभर के हैं, इसलिए अपराध के मामले में और राज्यों की हकीकत भी सामने है। रिपोर्ट बता रही है कि अपराधों के मामले में उत्तर प्रदेश सबसे आगे है।

**16) गद्यांश का दूसरा वाक्य कौन सा होगा?**

A.B

B.A

C.E

D.C

E.D

**17) गद्यांश का पहला वाक्य कौन सा होगा?**

A.B

B.A

C.C

D.D

E.E

**18) गद्यांश का तीसरा वाक्य कौन सा होगा?**

A.B

B.A

C.D

D.E

E.F

**19) गद्यांश का चौथा वाक्य कौन सा होगा?**

A.B

B.A

C.D

D.F

E.E

**20) गद्यांश का छठवाँ वाक्य कौन सा होगा?**

A.C

B.A

C.D

D.B

E.E

**निर्देश (21-25): नीचे (A), (B), (C), (D), (E) और (F) को इस तरह व्यवस्थित कीजिए कि छहों कथनों का एक अर्थपूर्ण परिच्छेद बन जाये।**

**A.** लेकिन जब अकारण हमारे जवान और गांवों में रहने वाले लोग पाकिस्तानी सैनिकों की इस हरकत का शिकार हो जाते हैं और जान गवां बैठते हैं, तो चिंता और आक्रोश पैदा होना स्वाभाविक है।

**B.** पिछले कुछ सालों में संघर्ष-विराम के उल्लंघन की बढ़ती घटनाओं के कारण बड़ी संख्या में लोग हताहत हुए हैं।

**C.** शायद ही कोई दिन ऐसा गुजरता हो जब पाकिस्तानी सैनिक भारतीय चौकियों और सीमा क्षेत्र के गांवों को अपना निशाना न बनाते हों।

**D.** जम्मू-कश्मीर के सीमाई इलाकों में पाकिस्तान की ओर से जारी संघर्ष-विराम के उल्लंघन की घटनाएं चिंता पैदा करने वाली हैं।

**E.** हालांकि वास्तविक नियंत्रण रेखा पर ऐसी गोलाबारी कोई नई बात नहीं है।

**F.** पिछले कई सालों से पाकिस्तान अनवरत रूप से ऐसा कर रहा है।

**21) गद्यांश का दूसरा वाक्य कौन सा होगा?**

A.C

B.A

C.D

D.B

E.E

**22) गद्यांश का पहला वाक्य कौन सा होगा?**

A.B

B.D

C.A

D.C

E.E

**23) गद्यांश का तीसरा वाक्य कौन सा होगा?**

A.B

B.A

C.E

D.C

E.D

**24) गद्यांश का चौथा वाक्य कौन सा होगा?**

A.B

B.A

C.F

D.D

E.E

**25) गद्यांश का छठवाँ वाक्य कौन सा होगा?**

A.C

**B**.A

**C**.D

**D**.B

**E**.E

**निर्देश (26-30): नीचे (A), (B), (C), (D), (E) और (F) को इस तरह व्यवस्थित कीजिए कि छहों कथनों का एक अर्थपूर्ण परिच्छेद बन जाये।**

**A.** बहुत कम लोग खाली वक्त गुजारते थे।

**B.** हालांकि बच्चों के काम करने को बहुत आदर्श स्थिति नहीं कहा जा सकता है।

**C.** महिला-पुरुष से लेकर बच्चे तक हर इंसान सृजन और सकारात्मक काम में लगे रहते थे।

**D.** उसका विश्लेषण तत्कालीन समाज और उसके भिन्न वर्गों के सामने खड़ी चुनौतियों के संदर्भ में किया जा सकता है।

**E.** बहरहाल, समय के साथ ऐसा लगता है जैसे भारत के ग्रामीण समाज में बहुत कुछ बदल गया है।

**F.** एक समय था जब गांव के लोग दिन-रात अपने खेत-खलिहान और दूसरे काम-धंधे में व्यस्त रहते थे।

**26) गद्यांश का पहला वाक्य कौन सा होगा?**

**A**.C

**B**.A

**C**.D

**D**.F

**E**.E

**27) गद्यांश का तीसरा वाक्य कौन सा होगा?**

**A**.B

**B**.C

**C**.D

**D**.A

**E**.E

**28) गद्यांश का चौथा वाक्य कौन सा होगा?**

**A**.B

**B**.A

**C**.D

**D**.C

**E**.E

**29) गद्यांश का छठवाँ वाक्य कौन सा होगा?**

**A**.B

**B**.E

**C**.D

**D**.C

**E**.A

**30) गद्यांश का पाँचवाँ वाक्य कौन सा होगा?**

**A**.B

**B**.A

**C**.E

**D**.C

**E**.D

**निर्देश (31-35): नीचे (A), (B), (C), (D), (E) और (F) को इस तरह व्यवस्थित कीजिए कि छहों कथनों का एक अर्थपूर्ण परिच्छेद बन जाये।**

**A.** चुनाव भले स्थानीय निकाय का रहा हो, लेकिन जिस तरह से भाजपा उम्मीदवारों के प्रचार के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक ने अपनी ताकत झोंकी,

**B.** ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम चुनाव में सबसे ज्यादा पचपन सीटें हासिल कर तेलंगाना राष्ट्र
समिति (टीआरएस) भले शीर्ष पर बनी हुई हो,

**C.** उससे लग गया था कि भाजपा अब किसी भी कीमत पर दक्षिण के इस शहर में जोरदार जीत हासिल कर ही दम लेगी।

**D.** साल 2016 में भाजपा को यहां सिर्फ चार सीटें मिली थीं, लेकिन इस बार उसने टीआरएस से चवालीस सीटें छीन कर

अपनी दमदार मौजूदगी कराते हुए दक्षिण में जनाधार मजबूत करने का रास्ता बना लिया।

**E.** लेकिन इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अड़तालीस सीटों पर कब्जा कर स्थानीय राजनीति की दिशा को बदल दिया है।

**F.** टीआरएस को हुआ नुकसान ही भाजपा के फायदे के रूप में दर्ज हुआ है।

**31) गद्यांश का दूसरा वाक्य कौन सा होगा?**

**A.**B

**B.**A

**C.**D

**D.**E

**E.**C

**32) गद्यांश का पहला वाक्य कौन सा होगा?**

**A.**C

**B.**A

**C.**D

**D.**B

**E.**E

**33) गद्यांश का तीसरा वाक्य कौन सा होगा?**

**A.**F

**B.**A

**C.**D

**D.**B

**E.**E

**34) गद्यांश का चौथा वाक्य कौन सा होगा?**

**A.**B

**B.**A

**C.**C

**D.**D

**E.**E

**35) गद्यांश का छठवाँ वाक्य कौन सा होगा?**

**A.**B

**B.**A

**C.**D

**D.**C

**E.**E

**निर्देश (36-40): दिए गए प्रश्न में वाक्य के पहले और अंतिम भाग को क्रमशः (1) और (6) की संख्या दी गई है। इनके बीच आने वाले अंशों को चार भागों में बांटकर (A), (B), (C), और (D) की संख्या दी गई है। यह चारों उचित काम में नहीं हैं। ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों का उचित क्रम चुनिए जिससे सही वाक्य का निर्माण हो।**

**36)**

**1) देश में अनुशासन की पुन: स्थापना हेतु**

**A)** का थोड़ा-बहुत समावेश

**B)** यह आवश्यक है कि हमारी शिक्षा-व्यवस्था में

**C)** अवश्य किया जाए

**D)** नैतिक और चारित्रिक शिक्षा

**6) ताकि छात्रों को कर्तव्य-अकर्तव्य का ज्ञान हो सके।**

**A.**ACBD

**B.**BDAC

**C.**BACD

**D.**CABD

**E.**ABDC

**37)**

**1) गृहिणी गृहस्थ जीवनरूपी नौका की वह पतवार है**

**A)** इस नौका को

**B)** बचाती हुई

**C)** थपेड़ों और भंवरों से

**D)** जो अपनी बुद्धिबल, चरित्रबल और त्यागमय जीवन से

**6) किनारे तक पहुँचाती है।**

A.ABDC

B.CABD

C.CBDA

D.DACB

E.BACD

38)

**1) मेरा विश्वास है कि**

A) जिस चीज में मनुष्य के प्यारे हाथ लगते हैं

B) और मन की पवित्रता

C) उसमें उसके हृदय का प्रेम

D) सूक्ष्म रूप में मिल जाती है

6) उसमें मुर्दे को जिंदा करने की शक्ति आ जाती है।

A.DACB

B.ABDC

C.BADC

D.CABD

E.ACBD

39)

**1) हमें यह समझ लेना चाहिए कि**

A) एक सुन्दर स्वरूप है और यह भी मानना होगा कि

B) धर्म की भाषा अधिक स्पष्ट, मूर्त और परिष्कृत

C) होती गई है और इसके लिए बहुत हद तक

D) धर्म मानव जाति की मूलगत अनुभूतियों का

**6) विज्ञान ही उत्तरदायी है।**

A.DABC

B.CABD

C.ABDC

D.BACD

E.ACBD

40)

**1) मिथकीय आवरणों को**

A) अर्थ देने वाले लोग

B) सार्वभौम रचनात्मक को पहचानने वाले कला समीक्षक

C) हटा उसे तथ्यानुयायी

D) मनोवैज्ञानिक कहलाते हैं, आवरणों की

**6) कहलाते हैं।**

A.ABDC

B.BACD

C.CABD

D.CADB

E.DACB

**निर्देश (41-45): दिए गए प्रश्न में वाक्य के पहले और अंतिम भाग को क्रमशः (1) और (6) की संख्या दी गई है। इनके बीच आने वाले अंशों को चार भागों में बांटकर (A), (B), (C), और (D) की संख्या दी गई है। यह चारों उचित काम में नहीं हैं। ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों का उचित क्रम चुनिए जिससे सही वाक्य का निर्माण हो।**

41)

**(1) जिन फुटपाथों पर**

A. कल तक फल-सब्जियों की

B. की गुमटियों की

C. रेहड़ियों और पान-बीड़ी-गुटके

D. भरमार से पैदल चलना दूभर था,

**(6) आज वे खाली थीं।**

A.ACBD

B.BACD

C.CADB

D.ABCD

E.DACB

42)

**(1) अपनी वातानुकूलित कार की**

A. अखबार में खोया ही रह जाता

B. यदि सड़कों पर बिखरा हुआ सूनापन मुझे

C. पिछली सीट पर बैठ कर मैं

D. पहले बहुत सुंदर, फिर कुछ अजीब और अंत

**(6) में भयावह न लगने लगा होता।**

A.ABDC

B.CABD

C.DACB

D.BADC

E.CADB

43)

**(1) पिछले दिनों अखबारों**

A. सुर्खियों ने सभी का ध्यान

B. अनुच्छेद 370 हटाने पर

C. जम्मू-कश्मीर में

D. और टीवी चैनलों की

**(6) केंद्रित कर रखा था।**

A.BACD

B.CADB

C.DACB

D.ACBD

E.ABDC

44)

**(1) इस जोशोखरोश के**

A. केवल वे रूबरू हो पा रहे थे

B. जिनके ऊपर मंदी का कहर

C. बीच देश की डावांडोल

D. आर्थिक स्थिति से

**(6) सबसे पहले बरपा हुआ था।**

A.CDAB

B.BACD

C.CADB

D.ABCD

E.DACB

45)

**(1) मेरे जैसों के लिए तो**

A. की जबर्दस्त तरक्की

B. से निकलते ही भयंकर जाम

C. में फंस जाना देश

D. महंगी गाड़ियों का घर

**(6) का जीता जागता प्रमाण था।**

A. BACD

B.ABDC

C.DBCA

D.CABD

E.ACBD

**निर्देश (46-50): दिए गए प्रश्न में वाक्य के अंशों को चार भागों में बांटकर (A), (B), (C), और (D) की संख्या दी गई है। यह चारों उचित क्रम में नहीं हैं। ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों का उचित क्रम चुनिए जिससे सही वाक्य का निर्माण हो।**

46)

A) वाताओं का अब तक कोई सकारात्मक नतीजा नहीं निकला है और

B) ऐसे आसार भी नजर नहीं आ रहे कि आने वाले दिनों में वार्ता किसी नतीजे पर पहुंचेगी

C) गतिरोध को दूर करने के लिए जारी सैन्य और कूटनीति स्तर की

D) पूर्वी लद्दाख में भारत-चीन सीमा पर चल रहे

A.DCAB

B.BDAC

C.BACD

D.CABD

E.ABDC

47)

A) बल्कि जिस तरह से उसकी हमलावर गतिविधियां बढ़ी हैं

B) जाहिर है, चीन चाहता ही नहीं है कि सीमा पर किसी तरह की शांति बहाली हो,

C) उससे साफ है कि वह अब बड़े टकराव की तैयारी में है

D) और भारत के प्रति जो आक्रामक रुख अपना रखा है,

A.CDAB

B.BDAC

C.CABD

D.BADC

E.ABDC

48)

A) जो सख्त रुख दिखाया है, उससे यह साफ हो गया है

B) कि चीन को उसकी आक्रामक कार्रवाई का

C) मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा

D) लेकिन अब भारत ने चीन को लेकर

A.CDAB

B.DABC

C.BACD

D.CABD

E.ABDC

49)

A) तब तक शांति बहाली की दिशा में बढ़ पाना संभव नहीं है

B) जब तक सीमा पर पांच मई से पूर्व की

C) भारत ने अपना रुख साफ करते हुए कहा है कि

D) स्थिति बहाल नहीं हो जाती,

A.CBDA

B.BDAC

C.BACD

D.CDAB

E.ABDC

50)

A) अपनी सीमाओं का विस्तार करने की रणनीति पर चल रहा है

B) ऐसे में भी अगर वह पड़ोसी देशों के साथ सीमा विवादों को बढ़ा रहा है,

C) तो साफ है कि वह दूसरे देशों की जमीन पर

D) कब्जा करके उन्हें विवादित बनाने और

A.CDAB

B.BCDA

C.BDAC

D.CABD

E.ABDC

## Answer With Explanation

**निर्देष (1-5):**

1) उत्तर: A

2) उत्तर: E

3) उत्तर: B

4) उत्तर: C

**5) उत्तर: A**

तार्किक रूप से अर्थपूर्ण क्रम -C/A/F/E/D/B:(C) जो प्रथम वाक्य होगा क्यूंकि इस वाक्य में “पहला कार्य ” का विवरण है और तीसरे वाक्य(F) में “यही मूल्य” आया है जिसके लिए उससे पहले वाक्य (A) में “मुल्यमान” आया है उसकी यह व्याख्या कर रहा है , इसके बाद वाक्य (E) आएगा क्यूंकि इसमें “यह वस्तु की एक इकाई के बदले मिलने वाली मौद्रिक.......” आया है जो बताता है कि यह ‘F’ के बाद आयेगा ,D और B साथ साथ आयेगा क्यूंकि यह एक दुसरे से सम्बंधित है और B अंतिम वाकया होगा क्यूंकि इससे कुछ निष्कर्ष का पता चल रहा है I

**निर्देश (6-10):**

**6) उत्तर: A**

**7) उत्तर: B**

**8) उत्तर: C**

**9) उत्तर: C**

**10) उत्तर: D**

**11) उत्तर: B**

**उत्तर-B D A C F E**

**12) उत्तर: C**

**उत्तर-B D A C F E**

**13) उत्तर: B**

**उत्तर-B D A C F E**

**14) उत्तर: D**

**उत्तर-B D A C F E**

**15) उत्तर: D**

**उत्तर-B D A C F E**

**निर्देश (16-20):**

**16) उत्तर: C**

**17) उत्तर: D**

**18) उत्तर: E**

**19) उत्तर: B**

सही क्रम होगा-DEFABC

**20) उत्तर: A**

सही क्रम होगा-DEFABC

**D).** लंबे इंतजार के बाद राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने दो साल पहले यानी 2017 के जो अपराध संबंधी आंकड़े जारी किए हैं, वे चौंकाने वाले हैं, खासतौर से देश की राजधानी दिल्ली के संदर्भ में।

**E).** इन आंकड़ों से पता चलता है कि संगीन अपराधों में दिल्ली सबसे आगे है, जहां रोजाना हत्या, लूटपाट, बलात्कार, महिलाओं से छेड़छाड़ और गैंगवार जैसी घटनाएं होती हैं।

**F).** हालांकि आंकड़े देशभर के हैं, इसलिए अपराध के मामले में और राज्यों की हकीकत भी सामने है। रिपोर्ट बता रही है कि अपराधों के मामले में उत्तर प्रदेश सबसे आगे है।

**A).** साल 2017 में पचास लाख से ज्यादा मामले दर्ज हुए थे, जिनमें से तीन लाख से ज्यादा मामले अकेले उत्तर प्रदेश में दर्ज हुए।

B) .इसके बाद दूसरे नंबर पर महाराष्ट्र रहा जहां करीब दो लाख नब्बे हजार आपराधिक मामले दर्ज हुए। तीसरे स्थान पर मध्य प्रदेश, चौथे पर केरल, और पांचवें पर दिल्ली रहा।

C). दिल्ली में दो लाख बत्तीस हजार आपराधिक मामले दर्ज हुए थे। इन आंकड़ों से जो तस्वीर बनती है, वह यह कि शीर्ष चार राज्यों और दिल्ली में अपराधी बेखौफ हैं।

**निर्देश (21-25):**

**21) उत्तर: A**

**22) उत्तर: B**

**23) उत्तर: C**

**24) उत्तर: C**

**25) उत्तर: D**

सही क्रम होगा-DCEFAB

**D.** जम्मू-कश्मीर के सीमाई इलाकों में पाकिस्तान की ओर से जारी संघर्ष-विराम के उल्लंघन की घटनाएं चिंता पैदा करने वाली हैं।

**C.** शायद ही कोई दिन ऐसा गुजरता हो जब पाकिस्तानी सैनिक भारतीय चौकियों और सीमा क्षेत्र के गांवों को अपना निशाना न बनाते हों।

**E.** हालांकि वास्तविक नियंत्रण रेखा पर ऐसी गोलाबारी कोई नई बात नहीं है।

**F.** पिछले कई सालों से पाकिस्तान अनवरत रूप से ऐसा कर रहा है।

**A.** लेकिन जब अकारण हमारे जवान और गांवों में रहने वाले लोग पाकिस्तानी सैनिकों की इस हरकत का शिकार हो जाते हैं और जान गवां बैठते हैं, तो चिंता और आक्रोश पैदा होना स्वाभाविक है।

**B.** पिछले कुछ सालों में संघर्ष-विराम के उल्लंघन की बढ़ती घटनाओं के कारण बड़ी संख्या में लोग हताहत हुए हैं।

**निर्देश (26-30):**

**26) उत्तर: D**

**27) उत्तर: D**

**28) उत्तर: A**

**29) उत्तर: B**

**30) उत्तर: E**

**सही क्रम होगा-FCABDE**

**F.** एक समय था जब गांव के लोग दिन-रात अपने खेत-खलिहान और दूसरे काम-धंधे में व्यस्त रहते थे।

**C.** महिला-पुरुष से लेकर बच्चे तक हर इंसान सृजन और सकारात्मक काम में लगे रहते थे।

**A.** बहुत कम लोग खाली वक्त गुजारते थे।

**B.** हालांकि बच्चों के काम करने को बहुत आदर्श स्थिति नहीं कहा जा सकता है।

**D.** उसका विश्लेषण तत्कालीन समाज और उसके भिन्न वर्गों के सामने खड़ी चुनौतियों के संदर्भ में किया जा सकता है।

**E.** बहरहाल, समय के साथ ऐसा लगता है जैसे भारत के ग्रामीण समाज में बहुत कुछ बदल गया
है।

**निर्देश (31-35):**

**31) उत्तर: D**

**32) उत्तर: D**

**33) उत्तर: A**

**34) उत्तर: C**

**35) उत्तर: C**

सही क्रम होगा-**BEFACD**

**B.**ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम चुनाव में सबसे ज्यादा पचपन सीटें हासिल कर तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) भले शीर्ष पर बनी हुई हो,

**E.**लेकिन इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अड़तालीस सीटों पर कब्जा कर स्थानीय राजनीति की दिशा को बदल दिया है।

**F.**टीआरएस को हुआ नुकसान ही भाजपा के फायदे के रूप में दर्ज हुआ है।

**A.**चुनाव भले स्थानीय निकाय का रहा हो, लेकिन जिस तरह से भाजपा उम्मीदवारों के प्रचार के लिए केंद्रीय गृह मंत्री

अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक ने अपनी ताकत झोंकी,

C.उससे लग गया था कि भाजपा अब किसी भी कीमत पर दक्षिण के इस शहर में जोरदार जीत हासिल कर ही दम लेगी।

D.साल 2016 में भाजपा को यहां सिर्फ चार सीटें मिली थीं, लेकिन इस बार उसने टीआरएस से चवालीस सीटें छीन कर अपनी दमदार मौजूदगी कराते हुए दक्षिण में जनाधार मजबूत करने का रास्ता बना लिया।

**36) उत्तर: B**

देश में अनुशासन की पुन: स्थापना हेतु यह आवश्यक है कि हमारी शिक्षा-व्यवस्था में नैतिक और चारित्रिक शिक्षा का थोड़ा-बहुत समावेश अवश्य किया जाए, ताकि छात्रों को कर्तव्य-अकर्तव्य का ज्ञान हो सके।

**37) उत्तर: D**

गृहिणी गृहस्थ जीवनरूपी नौका की वह पतवार है जो अपनी बुद्धिबल, चरित्रबल और त्यागमय जीवन से इस नौका को थपेड़ों और भंवरों से बचाती हुई किनारे तक पहुँचाती है।

**38) उत्तर: E**

मेरा विश्वास है कि जिस चीज में मनुष्य के प्यारे हाथ लगते हैं, उसमें उसके हृदय का प्रेम और मन की पवित्रता सूक्ष्म रूप में मिल जाती है, उसमें मुर्दे को जिंदा करने की शक्ति आ जाती है।

**39) उत्तर: A**

हमें यह समझ लेना चाहिए कि धर्म मानव जाति की मूलगत अनुभूतियों का एक सुन्दर स्वरूप है और यह भी मानना होगा कि धर्म की भाषा अधिक स्पष्ट, मूर्त और परिष्कृत होती गई है और इसके लिए बहुत हद तक विज्ञान ही उत्तरदायी है।

**40) उत्तर: D**

मिथकीय आवरणों को हटा उसे तथ्यानुयायी अर्थ देने वाले लोग मनोवैज्ञानिक कहलाते हैं, आवरणों की सार्वभौम रचनात्मक को पहचानने वाले कला समीक्षक कहलाते हैं।

**41) उत्तर : A**

जिन फुटपाथों पर कल तक फल-सब्जियों की रेहड़ियों और पान-बीड़ी-गुटके की गुमटियों की भरमार से पैदल चलना दूभर था, आज वे खाली थीं।

**42) उत्तर: B**

अपनी वातानुकूलित कार की पिछली सीट पर बैठ कर मैं अखबार में खोया ही रह जाता यदि सड़कों पर बिखरा हुआ सूनापन मुझे पहले बहुत सुंदर, फिर कुछ अजीब और अंत में भयावह न लगने लगा होता।

**43) उत्तर: C**

पिछले दिनों अखबारों और टीवी चैनलों की सुर्खियों ने सभी का ध्यान जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाने पर केंद्रित कर रखा था।

**44) उत्तर: A**

इस जोशोखरोश के बीच देश की डावांडोल आर्थिक स्थिति से केवल वे रूबरू हो पा रहे थे जिनके ऊपर मंदी का कहर सबसे पहले बरपा हुआ था।

**45) उत्तर: C**

मेरे जैसों के लिए तो महंगी गाड़ियों का घर से निकलते ही भयंकर जाम में फंस जाना देश की जबर्दस्त तरक्की का जीता जागता प्रमाण था।

**46) उत्तर: A**

पूर्वी लद्दाख में भारत-चीन सीमा पर चल रहे गतिरोध को दूर करने के लिए जारी सैन्य और कूटनीति स्तर की वार्ताओं का अब तक कोई सकारात्मक नतीजा नहीं निकला है और ऐसे

आसार भी नजर नहीं आ रहे कि आने वाले दिनों में वार्ता किसी नतीजे पर पहुंचेगी।

**47) उत्तर: D**

जाहिर है, चीन चाहता ही नहीं है कि सीमा पर किसी तरह की शांति बहाली हो, बल्कि जिस तरह से उसकी हमलावर गतिविधियां बढ़ी हैं और भारत के प्रति जो आक्रामक रुख अपना रखा है, उससे साफ है कि वह अब बड़े टकराव की तैयारी में है।

**48) उत्तर: B**

लेकिन अब भारत ने चीन को लेकर जो सख्त रुख दिखाया है, उससे यह साफ हो गया है कि चीन को उसकी आक्रामक कार्रवाई का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

**49) उत्तर: A**

भारत ने अपना रुख साफ करते हुए कहा है कि जब तक सीमा पर पांच मई से पूर्व की स्थिति बहाल नहीं हो जाती, तब तक शांति बहाली की दिशा में बढ़ पाना संभव नहीं है।

**50) उत्तर: B**

ऐसे में भी अगर वह पड़ोसी देशों के साथ सीमा विवादों को बढ़ा रहा है, तो साफ है कि वह दूसरे देशों की जमीन पर कब्जा करके उन्हें विवादित बनाने और अपनी सीमाओं का विस्तार करने की रणनीति पर चल रहा है।